उत्तर प्रदेश विधानपरिषद चुनाव, 2022

चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2022 को उत्तर प्रदेश विधानपरिषद की 36 सीटों के लिये हुए चुनावों के नतीजे घोषित किये गए।

प्रमुख बिंदु

- 36 सीटों के इन चुनावों में 33 सीटें भाजपा, 1 सीट जनसत्ता दल लोकतंत्रिक तथा 2 सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों को प्राप्त हुई हैं।
- उत्तर प्रदेश विधानपरिषद में प्रमुख राजनीतिक दलों की संख्या/स्थिति निम्न प्रकार है-
    - भारतीय जनता पार्टी- 66
    - समाजवादी पार्टी- 17
    - बसपा- 4
- हाल ही में संपन्न हुए इन चुनावों का संबंध स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से है। गौरतलब है कि विधानपरिषद के कुल सदस्यों में से 1/3 सदस्यों का निर्वाचन स्थानीय निकायों, जैसे- नगरपालिका और ज़िला बोर्डों आदि द्वारा किया जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-legislative-council-election-2022